भारत सरकार

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 730

दिनांक 29 नवम्बर, 2024 को उत्तर के लिए

उज्ज्वला योजना

730. श्री बस्तीपति नागराजू:

क्या **महिला और बाल विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान आंध्र प्रदेश में उज्ज्वला योजना के अंतर्गत लाभान्वित व्यक्तियों की जिला-वार संख्या कितनी है;

(ख) आंध्र प्रदेश में कार्यक्रम को कार्यान्वित करने वाली एजेंसियों की जिला-वार सूची क्या है;

(ग) योजना के निवारक घटक के तहत जिला-वार और एजेंसी-वार कितने संगोष्ठियां/कार्यशालाएं आयोजित की गई हैं; और

(घ) विगत पांच वर्षों के दौरान योजना के अंतर्गत जिला-वार कितने संरक्षण एवं पुनर्वास गृह स्थापित किए गए हैं?

उत्तर

महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री

(श्रीमती सावित्री ठाकुर)

(क) से (घ): व्यापक मिशन शक्ति के अंतर्गत, कठिन परिस्थितियों में महिलाओं के लिए स्वाधार गृह योजना और दुर्व्यापार की रोकथाम के लिए 'उज्ज्वला गृह' जैसी पूर्ववर्ती योजनाओं को मिला कर इसे 'शक्ति सदन' योजना नाम दिया गया है जो दुर्व्यापार की शिकार महिलाओं सहित संकट की स्थिति में महिलाओं के लिए एक एकीकृत राहत और पुनर्वास गृह है। इसका उद्देश्य संकट की स्थिति में महिलाओं के लिए एक सुरक्षित और सक्षम वातावरण बनाना है ताकि वे कठिन परिस्थितियों से उबर सकें।

यह योजना मांग आधारित केंद्र प्रायोजित योजना है जिसके तहत योजना के कार्यान्वयन के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को सीधे निधि जारी की जाती है। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार अपनी आवश्यकता का आकलन करते हैं और राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के साथ चर्चा के बाद कार्यक्रम अनुमोदन बोर्ड (पीएबी) द्वारा प्रस्तावों को मंजूरी दी जाती है। योजना के तहत किराए के परिसर में शक्ति सदन चलाने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

पिछले पांच वर्षों के दौरान आंध्र प्रदेश में शक्ति सदन योजना (पूर्ववर्ती उज्ज्वला गृह योजना) के अंतर्गत बचाई गई महिलाओं की संख्या, कार्यक्रम को क्रियान्वित करने वाली एजेंसियों की सूची, आयोजित सेमिनारों/कार्यशालाओं की संख्या तथा स्थापित संरक्षण एवं पुनर्वास गृहों की संख्या, आंध्र प्रदेश सरकार से प्राप्त जिले-वार जानकारी **अनुलग्नक** में दी गई है।

****

अनुलग्नक

'उज्ज्वला योजना' के संबंध में श्री बस्तीपति नागराजू द्वारा 29.11.2024 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 730 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक।

क्र. सं.	**एजेंसी का नाम**	**जिले का नाम**	**सहायता प्राप्त महिलाएं**						**आयोजित कार्यशालाओं की संख्या**
			2019-20	**2020-21**	**2021-22**	**2022-23***	**2023-24**	**कुल**	
1.	जीसस मैरी जोसेफ सोशल सर्विस सोसायटी	गुंटुर	96	110	115	150	183	654	6
2.	वासव्या महिला मंडली	एनटीआर	शुरू नहीं किया गया है	शुरू नहीं किया गया है	87	102	145	334	5
3.	सेंटर फॉररुरल एक्शन	अनंतपुरम	78	75	97	100	104	454	5
4.	साई लिखिता एजुकेशनल डेवलपमेंट सोसायटी	अनंतपुरम	94	120	120	145	186	665	5
5.	भारत रतन महिला मंडली	डॉ. वाईएसआर कडपा	102	130	128	150	174	684	6
							कुल	**2791**	**27**

* पूर्ववर्ती स्वाधार गृह और उज्ज्वला गृह योजनाओं का 01.04.2022 से विलय कर दिया गया है और इसे अब शक्ति सदन के नाम से जाना जाता है।

****